

# ओव्हर फ्लो से कृषि उपज मण्डी परिसर पानी-पानी

## एक पखवाड़े से कृषि उपज मण्डी परिसर में स्थापित पेयजल टंकी से ओव्हर फ्लो हो रहा पानी, ननि अमला अनजान



**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 7 मई। कलेक्ट्रेट दफ्तर के सामने कृषि उपज मण्डी इन दिनों पानी-पानी है और यह पानी बारिश के पानी नही बह रहा है, बल्कि ननि अमले के लापरवाही से जमा हो रहा है, जहां इन दिनों मण्डी परिसर पानी ही पानी नजर आती है।**

गौरतलब है कि कृषि उपज मण्डी परिसर में जहां पहले अनाज की खरीदी हो रही थी, तद्उपरांत कोविड-19 के बाद से ही थोक एवं फुटकर सब्जी मण्डी की दुकानें संचालित होने लगी। करीब दो सैकड़ा से ज्यादा थोक एवं फुटकर सब्जी की दुकाने लग रही हैं। परंतु कृषि उपज मण्डी में सुविधाएं सब्जी व्यापारियों को नही मिल पा रही हैं। अधिकांश व्यापारी खुले आसमान में सब्जी लगाने के लिए मजबूर हैं। हालांकि कृषि उपज मण्डी बड़े व्यापारियों के लिए टीन सेड समेत अन्य व्यवस्थाएं किया है, लेकिन सब्जी के छोटे व्यापारियों को खुले आसमान में ही व्यवसाय 12 महीने करना पड़ रहा है। मण्डी परिसर की साफ-सफाई कराने का जिम्मा नगर निगम को है, लेकिन साफ-सफाई व्यवस्थित तरीके से नही जा रही है। इस तरह के आरोप लगातार लगते आ रहे हैं और आये दिन गंदगी की तस्वीरें भी सामने आते रहते हैं। हालिया में एक पखवाड़े से मण्डी परिसर में बनी पेयजल टंकी पानी से ओव्हर फ्लो होने के कारण पानी इस तरह परिसर में भरा है कि व्यापारियों एवं ग्राहको को तरह-तरह की परेशानियां हो रही हैं। यह समस्या आज से नही करीब एक पखवाड़े से हैं।
मण्डी परिसर पानी-पानी होने के बावजूद इसपर नगर निगम अमला ध्यान नही दे रहा है। जबकि इसी पानी के टंकी से शहर में जलापूर्ति भी की जा रही है और मोटरपंप चालक संभवतः स्वीच को बंद करना भूल जा रहा है।
नतीजा यह निकल रहा है कि मण्डी परिसर में पानी ही पानी नजर आ रहा है। अब देखना है कि इस समस्या से कब निजात व्यापारियों एवं ग्राहको को मिलती है।

### आवार पशुओं का अड्डा बना मण्डी परिसर



कृषि उपज मण्डी परिसर आवारा पशुओं का अड्डा बना हुआ है। आलम यह है कि मण्डी परिसर में दो-चार नही, बल्कि सैकड़ों की संख्या में 24 घंटे मवेश यही बने रहते हैं। गल्ला एवं सब्जी के थोक विक्रेता बराबर पहरेदारी करने के लिए मजबूर हैं। इन पशुओं को यहां से खदेरने के लिए नगर निगम कोई कदम नही उठा रहा है।, जिससे यहां सांड भी लड़ते रहते हैं, जहां लोगों के लिए खतरा की भी आशंका बनी रहती है।

### मण्डी परिसर में जगह-जगह भरा पानी



आलम यह है कि मण्डी परिसर में एक-दो जगह नही, बल्कि पेयजल टंकी का ओव्हर फ्लो पानी कई स्थानों में भरा हुआ है। गल्ला एवं सब्जी मण्डी के दुकानदार कई बार इस समस्या से कृषि उपज मण्डी के अमले को भी अवगत करा चुके हैं, परंतु इसका निदान एक पखवाड़े बाद भी नही हो पाया है। व्यापारियों ने इस ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।



# प्रतिवेदन प्रस्तुत न करने वाले पटवारी के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश

## कलेक्टर ने किया तहसील कार्यालय देवसर का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 7 मई। कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा आज अपने देवसर भ्रमण के दौरान तहसील कार्यालय देवसर का निरीक्षण किया गया।**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को निर्देशित किया कि बेदखली, सीमांकन, बंटवारा के लंबित प्रकरणों का समय सीमा के अंदर निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें तथा संबंधित हल्का पटवारियों से समय सीमा के अंदर प्रतिवेदन प्राप्त करें। जिन पटवारियों द्वारा समय पर प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया जाता है, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कोर्ट संचालन के दिवसों की भी जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि यदि कोर्ट में अधिक प्रकरण लंबित हैं, तो कोर्ट संचालन के दिवसों में वृद्धि की जाए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ऋषि नारायण सिंह मौजूद रहे।


### एक नजर में

#### सिंगरौली के खेल अधिकारी का राष्ट्रीय स्तर पर चयन



**सिंगरौली।** शास. महाविद्यालय बरगवां के वरिष्ठ खेल अधिकारी डॉ. विनोद कुमार राय का चयन प्रतिष्ठित वर्ल्ड मास्टर्स पावर गेम्स के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 11 से 16 मई तक गोवा के मडगांव में आयोजित की जाएगी। मास्टर्स गेम्स फाउंडेशन द्वारा जारी आधिकारिक पत्र में उन्हें प्रतियोगिता के लिए योग्य घोषित करते हुए निर्धारित समय सीमा में पंजीयन कराने का अनुरोध किया गया। डॉ. राय के चयन से सिंगरौली जिले के खेल जगत में उत्साह का माहौल है। उनके सहकर्मियों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है। जिनका पंजीकरण भी हो गया और 9 मई को ट्रेन के माध्यम से रवाना भी होंगे।

#### मोरवा क्षेत्र में घर के पीछे से बाइक चोरी



**सिंगरौली।** जिले के मोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ी मस्जिद के पीछे वार्ड क्रमांक 8 में एक मोटरसाइकिल चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित मो. इमरान के घर के पीछे खड़ी बाइक क्रमांक एमपी 66 सीबी 5109 को अज्ञात चोरों ने देर रात निशाना बनाया। पीड़ित के अनुसार घटना करीब रात 1:30 बजे की है, जब चोरों ने बाइक का लॉक तोड़कर उसे घर के बाहर से धकेलते हुए ले गए। घटना की लिखित सूचना मोरवा थाने में दे दी गई है, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं : सविता

## आयुक्त ने वार्ड-43 व 44 का किया सघन निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 7 मई। नपानि आयुक्त सविता प्रधान ने स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वार्ड क्रमांक 43 एवं 44 सहित एनसीएल ग्राउंड बिलौंजी और एनसीएल ग्राउंड हर्रई क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया।**

इस दौरान उन्होंने जमीनी स्तर पर स्वच्छता व्यवस्था, कचरा प्रबंधन और नालियों की सफाई का जायजा लिया। आयुक्त ने मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि शहर की सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए और नियमित अंतराल पर कचरे का सुरक्षित निपटान सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाने पर जोर दिया, ताकि सर्वेक्षण में नगर निगम को उत्कृष्ट रैंकिंग प्राप्त हो सके। निरीक्षण के दूसरे चरण में आयुक्त ने क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति और उनकी गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों में उपयोग की जा रही सामग्री की जांच करते हुए कार्य एजेंसियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि सभी प्रोजेक्ट्स को निर्धारित समय-सीमा के भीतर ही पूर्ण किया जाए। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों और ठेकेदारों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कार्यपालन अधिकारी संतोष पाण्डेय, स्वास्थ्य अधिकारी बीजी चतुर्वेदी, सहायक यंत्री विपिन तिवारी, इन्द्रवेश यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# महावीर कोल वासरी के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों में बढ़ रहा असंतोष

## प्रशासन पर संरक्षण देने का आरोप, गोरबी क्षेत्र के महदेइया का मामला, जनप्रतिनिधि भी मौन

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 7 मई। महदेइया में संचालित महावीर कोल वासरी के प्रबंधन की अड़ियल रवैया के चलते ग्रामीणों में लगातार असंतोष बढ़ रहा है। गत दिवस एक घर एवं खेत के कुएं में बेमौसम बारिश का पानी कोल वासरी के कारण भर जाने से प्रशासन पर भी गंभीर सवाल खड़ा किया जा रहा है।**



दरअसल महावीर कोल वासरी महदेइया में जब से आई है, तब से उसकी कार्यप्रणाली हमेशा से चर्चाओं में रही है। यहां बताते चले कि महावीर कोल वासरी के प्रबंधन ने आसपास के जमीनो को क्रय किया है और वहीं पर कोल वासरी स्थापित की है। इसी के बाद से ही कुछ प्रभावित परिवारजन खुलकर विरोध कर रहे थे। जहां मकानों को प्रशासन व पुलिस के सहारे जबरन खाली कराने का आरोप था, जबकि पीड़ित पक्ष का कहना था कि कंपनी मुआवजा देने में टालमटोल करती रही। परंतु प्रशासन पुलिस के आगे स्थानीय प्रभावित जन भी बेवस रहे। यह मामला तो चल ही रहा था और जैसे ही मामला ठण्डा पड़ा की दूसरा मामला सामने आ गया। हुआ यूँ कि कुछ घरों के समीप अपने ही अधीन जमीन में कंपनी के द्वारा मिट्टी डाल दिया गया, जिससे पानी का बहाव बंद होने पर एकत्रित हो गया और एक भूमिस्वामी के कुएं में लबालब बेमौसम का पानी भर गया। जिसका वीडियों भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इतना ही नही बेमौसम के पानी के जद में एक मकान भी आ गया। गनिमत रही कि किसी भी प्रकार की जनहानि नही हुई, लेकिन आरोप लगाया जा रहा है कि महावीर कोल वासरी कंपनी का प्रबंधन अड़ियल रवैया अपना रहा है। उसकी मंशा है कि आसपास के लोग मजबूर होकर जमीन प्रबंधन को दे दे। इसीलिए कंपनी का प्रबंधन तरह-तरह का हत्थकण्डा अपना रहा है। शिकायत होने के बावजूद जिला एवं खण्ड प्रशासन मौन है, जिससे स्थानीय लोगों में कोल वासरी के साथ-साथ प्रशासन के रवैया पर भी नाराजगी बढ़ने लगी और लोगबाग खुलकर कंपनी पर मेहरवानी का आरोप लगा रहे हैं। कंपनी के आसपास कई लोगों ने इस ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# अवैध खनिज परिवहन पर सख्ती, चार वाहनों पर भारी जुर्माना

## ई-चेक गेट जांच में बिना ईटीपी पकड़े गए वाहन, 5 .95 लाख दंड प्रस्तावित

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 7 मई। जिले में अवैध खनिजों के उत्खनन और परिवहन पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर जिला प्रशासन और खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए कचनी रोड स्थित ई-चेक गेट से गुजरने वाले वाहनों की ऑनलाइन जांच की गई।**



जांच के दौरान चार वाहन बिना वैध ईटीपी के खनिज परिवहन करते हुए पाए गए। इनमें एमपी 66 एच 2022, एमपी 66 जेडएच 8297, एमपी 66 ए 4695 और सीजी 29 एजे 1911 नंबर के वाहन शामिल हैं। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर विभाग ने तत्काल ऑनलाइन ई-चालान की कार्रवाई करते हुए कुल 5 लाख 95 हजार 600 रूपये का अर्थदंड प्रस्तावित किया है और संबंधित वाहन मालिकों को ऑनलाइन डिमांड नोटिस जारी किए गए हैं। जिला खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल के नेतृत्व में खनिज विभाग की टीम द्वारा समय-समय पर औचक निरीक्षण कर अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कदम उठाए जाएंगे। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनिज कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।




# कल्याणी महिला समिति ने प्याऊ का किया शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 7 मई।** इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी एवं लगातार बढ़ते तापमान ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। ऐसे में आमजन, राहगीरों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से विगत सोमवार को एनसीएल ब्लॉक-बी की कल्याणी महिला समिति द्वारा एक प्याऊ पेयजल केंद्र का शुभारंभ किया गया। कल्याणी महिला समिति द्वारा राहगीरों, श्रमिकों एवं स्थानीय निवासियों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कार्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान समिति अध्यक्षा अर्चना त्रिपाठी सहित महाप्रबंधक पीके त्रिपाठी एवं अन्य मौजूद रहे।

# विधायक व ननि अध्यक्ष ने वार्ड-42 में विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

## तालाब, छठ घाट और मुक्तिधाम निर्माण पर 1 .23 करोड़ की लागत होंगे खर्च

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 7 मई। नगर पालिक निगम सिंगरौली द्वारा वार्ड क्रमांक 42 में बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया।**



इस अवसर पर तालाब एवं छठ घाट निर्माण कार्य लागत 85 लाख तथा मुक्तिधाम में बाउंड्रीवाल एवं शेड निर्माण कार्य लागत 38 लाख की आधारशिला रखी गई। कुल 1.23 करोड़ की लागत से होने वाले इन कार्यों से क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण सुविधाएं मिलेंगी। भूमिपूजन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशेष रूप से सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह उपस्थित रहे और उन्होंने निर्माण कार्यों को क्षेत्र के विकास के लिए अहम कदम बताया। उन्होंने कहा कि नगर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय, पार्षद सीमा जायसवाल, पार्षद संतोष शाह, पार्षद रामनरेश शाह सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने इन कार्यों के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इन विकास कार्यों से जहां एक ओर धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं मुक्तिधाम में बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध होने से लोगों को सुविधा होगी।

# जीर्णोद्धार तालाब का सीईओ ने किया मुआयना

**नवभारत न्यूज**
**सरई 7 मई। जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सरई, माड़ा एवं बरगवां तहसील के विभिन्न गांवों में अदाणी फाउंडेशन द्वारा जल संरक्षण की दिशा में व्यापक कार्य किए जा रहे हैं।**



कलेक्टर गौरव बैनल के सुझाव अनुसार फाउंडेशन ने स्थानीय किसानों एवं ग्रामीण समुदाय को दीर्घकालिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लगभग 25 नए तालाबों के निर्माण एवं पुराने जलाशयों के जीर्णोद्धार की जिम्मेदारी ली थी, जिसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगे हैं। सरई तहसील के बासी बेरदहा, बरगवां तहसील के तलवा तथा माड़ा तहसील के रैला, करसुआराजा, खैराही एवं जमगढ़ी गांवों में सूख चुके तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि अन्य गांवों में कार्य तेजी से प्रगति पर है। इसी क्रम में आज उतानी पाठ गांव में तालाब जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण करने जनपद पंचायत बैढ़न के सीईओ अजीत सिंह एवं एसडीओ आरए सिंह मौके पर पहुंचे।

# अवैध खनिज परिवहन पर सख्ती, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 7 मई। जिले में अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशानुसार खनिज विभाग की टीम ने जांच के दौरान बिना वैध अभिवहन पास के गिट्टी परिवहन करते एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया है।**



खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल के मार्गदर्शन में सहायक खनि अधिकारी रामसुशील चौरसिया द्वारा की गई इस कार्रवाई में ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमांक एमपी 66 जेडए 4530 को पकड़ा गया। जांच में पाया गया कि वाहन चालक के पास खनिज परिवहन के लिए आवश्यक वैध दस्तावेज नहीं थे, जिसके चलते तत्काल वाहन को जप्त कर लिया गया। जप्त किए गए वाहन को सुरक्षार्थ पुलिस चौकी बंधौरा में खड़ा कराया गया है। खनिज विभाग द्वारा संबंधित प्रकरण में खनिज नियमों के तहत आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# कलेक्टर ने टीकाकरण और मातृ-शिशु मृत्यु दर पर जताई कड़ी नाराजगी

## कलेक्टर की अध्यक्षता में देवसर विकासखंड की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक आयोजित, सीएमएचओ व अन्य के वेतन रोकने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 7 मई। कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में विकासखण्ड देवसर की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने विकासखण्ड में एचपीवी टीकाकरण तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर की समीक्षा करते हुए कमी मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की।**



कलेक्टर ने अपने दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर सीएमएचओ डॉ. पुष्पराज सिंह, डीपीएम सुधांशु मिश्रा के वेतन आहरण पर आगामी आदेश तक रोक लगाने के निर्देशित किया। वहीं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. पंकज सिंह, बीपीएम सरिता सिंह तथा बीसीएम राजेश शाह के कार्य में लापरवाही बरतने पर एक सप्ताह का वेतन काटने के निर्देशित किया। वही सेक्टर सुपरवाईजर श्यामकली चैधरी को चेतावनी जारी करने का निर्देशित किया। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों सहित अमले को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए। वहीं टीकाकरण का कार्य भी संतोषजनक नहीं पाए जाने पर निर्देशित किया कि टीकाकरण सत्र निर्धारित समय-सारणी के अनुसार ही आयोजित हों और यदि कोई व्यक्ति टीकाकरण से वंचित रह जाता है तो उसका टीकाकरण अन्य समय पर तत्काल पूर्ण कराया जाए। बैठक के दौरान जिला के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### देवसर ब्लॉक के स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए सख्त निगरानी

कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत प्रसव पूर्व पंजीयन, जांच एवं संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्धारित समय पर खुले तथा बिना पूर्व अनुमति के अवकाश पर जाने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक केन्द्र पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, एएनएम सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला अनिवार्य रूप से मौजूद रहेगा तथा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप अपने कार्यों का निर्वहन सुनिश्चित करेगा। बैठक के दौरान यह भी निर्देशित किया कि सेक्टर स्तर पर एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सहायिका सहित अन्य अमला बेहतर तालमेल के साथ हितग्राहियों को योजनाओं के लाभ से लाभान्वित करें।

CMYK